<u>लोकसभा</u>

तारांकित प्रश्न संख्या *289

09 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात का स्वदेशी उत्पादन

***289. श्री चन्देश्वर प्रसादः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सही है कि विगत कुछ वर्षों के दौरान देश में इस्पात की खपत में स्वदेशी उत्पादन की हिस्सेदारी कम हो रही है जबकि आयात की हिस्सेदारी बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस्पात की खपत में आयात की हिस्सेदारी कम करने हेतु सीमा-शुल्क में वृद्धि करने का विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"इस्पात का स्वदेशी उत्पादन" के बारे में श्री चन्देश्वर प्रसाद, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 09 दिसंबर, 2019 को उत्तर देने के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *289 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): जी नहीं। इस्पात की कुल खपत, खपत में घरेलू उत्पादन तथा आयात की हिस्सेदारी से संबंधित पिछले तीन वर्षों के आंकड़े नीचे दिए गए हैं। यह आयात के हिस्से में गिरावट तथा कुल फिनिश्ड इस्पात की खपत में स्वदेशी उत्पादन के हिस्से में सकारात्मक वृद्धि का रुझान दर्शाता है।

वर्ष	खपत (एमटी में)			खपत में आयात का % हिस्सा	खपत में घरेलू उत्पादन का % हिस्सा
	कुल	घरेलू खपत का हिस्सा	आयात का हिस्सा		
2016-17	84.04	76.81	7.23	8.6	91.4
2017-18	90.70	83.22	7.48	8.2	91.8
2018-19	98.71	90.87	7.84	7.9	92.1
स्रोत: जेपीसी, एमटी = मिलियन टन					

(ग) और (घ): आयात शुल्क में परिवर्तन एक बजटीय प्रक्रिया है।

****